कमली वाले कमल नैन मोहन | By Sunita Singh

कमली वाले कमल नैन मोहन
मेरे नैनन में वो बस गए हैं
रात दिन उनके ही गीत गाऊं
मेरे होठन में वो बस गए हैं

मोहना की हुई मैं दीवानी
मेरे जीवन की बदली कहानी
जागतें सोते उनको ही देखू
मेरे सपनन में वो बस गए हैं

सांवरे की लिए ही सजूं मैं
साँसों में श्याम को ही भजू मैं
उनकी होके हुई रसभरी मैं
मेरे जीवन में वो बस गए हैं

सांवरे की हुई सांवरी मैं
लोग कहते हुई बावरी मैं
प्रीत नन्दलाल से है पुरानी
मेरे सुमिरन में वो बस गए हैं

मैंने गोपाल को चित्त में धारा
भुल्लन त्यागी लगे वो ही प्यारा
किरपा कर दीनी करुणा निधि ने
मेर तन मन में वो बस गए हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%ae%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%ae%e0%a4%b2-%e0%a4%a8%e0%a5%88%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b9%e0%a4%a8-by-sunita-singh/